**खबर संक्षेप**

## भैंसों के क्रूरतापूर्वक परिवहन पर पिकअप वाहन किया जब्त

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने पिकअप में भैंसों का क्रूरतापूर्वक परिवहन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मझगवां टोल नाके के पास एक पिकअप वाहन क्रमांक MP-21-ZG-2672 खड़ा है, जिसमें पशुओं को अवैध रूप से लोड किया गया है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुँची। जांच के दौरान उक्त पिकअप वाहन में 9 नग भैंसें अत्यंत क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर एक-दूसरे के ऊपर रस्सियों से बांधकर भरी हुई पाई गईं। पशुओं के लिए चारा-पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। वाहन से कुल 6 नग देशी नस्ल की काले रंग की भैंस, 1 नग देशी नस्ल का काला पड़ा, 2 नग छोटे पड़ेरूआ बरामद किए गए। वाहन एवं पशुओं को विधिवत जप्त किया गया। वाहन चालक नवनीत साहू, उम्र 45 वर्ष, निवासी भट्टा मोहल्ला, थाना रंगनाथनगर, जिला कटनी के खिलाफ आरोपी के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि के.के. पटेल, प्रधान आरक्षक पवनराज, प्रधान आरक्षक दीपक एक्का, आरक्षक रविकुमार कोरी एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्य कमलेश निषाद की भूमिका रही।

## राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल हेतु प्रशिक्षण कल

**कटनी।** राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल की नवीन व्यवस्था के अंतर्गत पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में कटनी जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण शुक्रवार 27 फरवरी को दोपहर 3 बजे से 5 तक कलेक्ट्रेट कार्यालय के नवीन सभा कक्ष में आयोजित किया गया है। राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल का गठन किया गया है। आगामी समय में राज्य शासन के अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले समस्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से संपादित किया जायेगा। जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं संबंधित पेंशन व स्थापना संबंधित कार्य संपादित करने वाले शासकीय सेवकों को नियत तिथि व समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

## विज्ञान संचार एवं प्रौद्योगिकी क्रांति का नया युग विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ' के अंतर्गत ₹विज्ञान संचार एवं प्रौद्योगिकी क्रांति का नया युग₹ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक विजयाश्री महाविद्यालय जबलपुर से डॉ. पुष्पेंद्र पाठक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में डॉ. पुष्पेंद्र पाठक द्वारा नई शिक्षा नीति के साथ नवाचार का जागरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संबंधित अनुसंधान पर विशेष सहभागिता, कम्प्यूटर के क्षेत्र में यूजर से निर्माता का निर्माण, एआई, बायोटेक्नोलॉजी, नैनो साइंस, स्पेस साइंस, पर्यावरण, जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्व जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिये गये सारगर्भित व्याख्यान से विद्यार्थी लाभांवित हुये। साथ ही विद्यार्थियों से संवाद के दौरान अलग-अलग संदर्भित पुस्तकों के अध्ययन को जीवन के लिए उपयोगी बताया।

## सोने चांदी के जेवरात एवं नकदी किया पार

**कटनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मढिया में एक सूने मकान में घुसे बदमाशों ने सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित 50,000 रुपये की सामग्री पार कर दी । फरियादी श्रीराम लोधी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की पतासाजी का प्रयास कर रही है।

### बिलैया तलैया सब्जी मंडी स्थित मोबाइल दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

# अंतर्राज्जीय गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने दबोचा, 3.50 लाख रूपये के 20 मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के बिलैया तलैया सब्जी मंडी स्थित मोबाईल दुकान में शटर तोड़कर लाखों रूपये के मोबाईल चोरी करने के मामले में पुलिस ने अतर्राज्जीय गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गांधी हिन्दुजा निवासी शास्त्री कालोनी ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 21 फरवरी को अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी दुकान का शटर तोड़कर ओप्पो, वीवो, रीयलमी कंपनी के करीब 20 मोबाईल फोन चोरी कर ले गये है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 (ए) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली राखी पांडे एवं टीम द्वारा घटनास्थल पर लगे सीसीटीव्ही फुटेज का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जिसमें 3 संदिग्ध लड़के दुकान में चोरी की घटना घटित करते हुए दिखे। संदिग्ध व्यक्तियों की पता तलाश हेतु मुखबिर सक्रिय किये गये। साथ ही सायबर सेल कटनी से तकनीकी सहायता प्राप्त की गई। विवेचना के क्रम में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन करने पर संदेही मेन रेल्वे स्टेशन कटनी से सतना जाने वाली ट्रेन में जाते हुए दिखाई दिए। तत्काल 02 टीमों को मैहर, सतना, रीवा की ओर रवाना किया गया। टीमों के द्वारा कई स्थानों पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों का गहन अध्ययन करने पर तीनों संदेही पुनः सतना रेल्वे स्टेशन से भोपाल तरफ जाने वाली ट्रेन में जाते दिखे। जिसके आधार पर एवं सायबर सेल की मदद से सदेही व्यक्तियों की पता तलाश भोपाल, इटारसी, जबलपुर तरफ की गई। संदेही व्यक्तियों को महाराज दाबा सिहोरा बायपास सिहोरा के पास पकड़ा गया। पूछताछ पर तीनों व्यक्तियों ने कटनी की सब्जी मंडी स्थित मोबाईल दुकान में चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से दुकान से चोरी किए गए 20 नग मोबाईल फोन बरामद किए गए।



पुलिस ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें बाला उर्फ अक्षय पिता हेमराज कोबाड़ 26 वर्ष नि. हिंगना, महाराष्ट्र 2. सद्दाम उर्फ निसार पिता नासिर खान 21 वर्ष निवासी खजराना इंदौर तथा ताहिर पिता मजीद खान 23 वर्ष नि. खजुरी कला भोपाल शामिल है। आरोपितों के पास से चोरी के 20 मोबाईल फोन बरामद किये गये हैं जिनकी कीमत 03 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है।

### फर्जी दस्तावेज का उपयोग

पकडे गए आरोपी भोपाल, इंदौर व नागपुर अलग-अलग स्थानों के रहने वाले है. जो घूम-घूम कर रेकी करने के उपरांत चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। जिन्होंनें पूर्व में नासिक, जलगांव व अन्य स्थानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया किन्तु पकड़े नहीं गए। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध पूर्व से दूसरे राज्यों में भी अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होना पाए गए है। उक्त आरोपी अपनी पहचान छिपाकर फर्जी आधार कार्ड/पेन कार्ड का उपयोग करके होटल में रूकते थे और फिर शहर में घूमकर रैकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर अपने-अपने शहरों में भाग जाते है। आरोपियान से अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



## दो वाहनों के बीच हुई सीधी भिड़ंत में 8 घायल, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मार्शल और पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में दोनों वाहनों के ड्राइवरों सहित कुल 8 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा रीठी मुख्य मार्ग पर बुधवार दोपहर गल्ला मंडी के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मार्शल क्रमांक MP 21 ZH 3719 रीठी से कटनी की ओर जा रही थी तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मार्शल में सवार कई लोग मलबे में फंस गए थे। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला।

हादसे की सूचना मिलते ही '108' एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय कटनी भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों वाहनों के चालकों की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है। मार्शल में सवार दो अन्य यात्रियों को भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन सड़क के बीचों-बीच फंस गए, जिससे कटनी-रीठी मार्ग पर कई घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू कराया।

## 12 लाख 13 हजार से अधिक नागरिकों की हुई ई केवायसी, कटनी 5 अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुँचे, इसके लिए चलाए जा रहे समग्र ई-केवाईसी अभियान में कटनी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। समग्र आईडी को आधार से लिंक कर ई-केवाईसी पूर्ण करने के मामले में कटनी जिला प्रदेश के पाँच अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की नियमित मॉनिटरिंग एवं सतत समीक्षा के परिणामस्वरूप जिले ने प्रदेश में पाँचवाँ स्थान अर्जित किया है। अभियान के तहत अब तक जिले के 12 लाख 13 हजार 356 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है, जो कुल निर्धारित लक्ष्य का लगभग 92 प्रतिशत है। प्रशासन द्वारा शेष लक्ष्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

जिले में समग्र ई-केवाईसी के कार्य में नगर परिषद कैमोर अग्रणी है, जहाँ अब तक 13 हजार 961 नागरिकों की ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है। वहीं जनपद पंचायत बड़वारा अपेक्षाकृत अंतिम पायदान पर है, जहाँ 1 लाख 92 हजार 996 नागरिकों का सत्यापन कार्य पूरा किया गया है। इसी क्रम में नगर परिषद बरही में 13 हजार 6, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 8 हजार 23 नागरिकों की ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है। नगर निगम कटनी में 1 लाख 65 हजार 917, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 42 हजार 606, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 96 हजार 149, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 76 हजार 457, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 24 हजार 522 तथा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 79 हजार 719 नागरिकों का सत्यापन कार्य संपन्न किया जा चुका है। जिले के नागरिक समग्र आईडी की आधार से ई-केवाईसी प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर (CSC), कियोस्क एवं लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से करा सकते हैं।

## रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर पटवारी को जारी किया नोटिस

**कटनी।** स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम धरवारा में पदस्थ हल्का पटवारी महेंद्र मिश्रा के द्वारा किसान से नक्शा बटांकन और सीमांकन के बदले अवैध तरीके से पैसे की मांग करने का वीडियो वायरल होने पर एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में पटवारी महेंद्र मिश्रा धरवारा निवासी किसान बारेलाल से नक्शा बटांकन और सीमांकन कार्य के बदले पैसों की मांग करते और राशि प्राप्त करते दिखाई दे रहे हैं। तहसीलदार स्लीमनाबाद द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में पाया गया कि लोक सेवा केंद्र के माध्यम से प्राप्त एक आवेदन के निराकरण के एवज में यह अवैध मांग की गई थी। जिसके आधार पर पटवारी श्री मिश्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गयी है। एसडीएम बहोरीबंद द्वारा जारी नोटिस में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि आप इस नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 2 दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं तो यह माना जाएगा कि आपके पक्ष में कोई आधार नहीं है। आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित किया जावेगा। जवाब समाधान कारक न होने की दशा में कार्यवाही की जायेगी।

## जल संरक्षण की विधियों का दिया तकनीकी प्रशिक्षण



विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित करने हेतु व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि जैविक खेती में फसलों एवं पौधों को समुचित मात्रा में पोषक तत्वों की उपलब्धता के लिए विभिन्न प्रकार की तकनीक का उपयोग किया जाता है। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्बनिक पदार्थ, पौधे के अवशेषों, जंतु अवशेषों, हरी खाद एवं केंचुआ खाद आदि का प्रयोग किया जाता है। जिससे मृदा में पोषक तत्वों की आपूर्ति के साथ-साथ मृदा के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणों में सुधार होता है। प्रशिक्षण के दौरान पोषक तत्व प्रबंधन के अंतर्गत गोबर कंपोस्ट की खाद, हरी खाद, दलहनी फसलों को लगाना, फसल अवशेष का उपयोग, केंचुआ खाद का उपयोग, खलियों का उपयोग, अग्निहोत्र जैव उर्वरक एवं शीघ्र खादों का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा जल संरक्षण की विधियों के अंतर्गत वर्षा जल संचयन, सूक्ष्म सिंचाई तकनीक, टपक सिंचाई एवं स्प्रिंकलर से सिंचाई मल्चिंग आच्छादन, समतलन एवं ढाल का उपयोग, फसल चयन एवं फसल चक्र, मिट्टी की नमी संरक्षण तकनीक, तालाब और कुओं का पुनर्जीवन आदि जल संरक्षण की विधियों का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

## बम्हनगवा स्कूल में दीवार गिरने से छात्र की मौत के मामले में शाला प्रभारी को किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखण्ड विजयराघवगढ़ के शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनगवां में जर्जर शौचालय की दीवार गिरने से छात्र की मौत के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रूख अपनाते हुये शाला प्रभारी एवं माध्यमिक शिक्षक श्रीमती राधा पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसी मामले में अभी कुछ दिन पहले ही कलेक्टर ने संविदा उपयंत्री को कार्य से विरत किया था।

इस घटना के संबंध में जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के द्वारा शाला प्रभारी श्रीमती पाण्डेय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसके बाद श्रीमती पाण्डेय द्वारा लिखित प्रतिवाद प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनगवां के निरसन हेतु प्रस्ताव कार्यालय में प्रस्तुत करने एवं विद्यालय समय में प्रसाधनों में ताले नहीं लगाने का उल्लेख किया था। जिसमें पाया गया कि वरिष्ठ कार्यालय द्वारा कई बार निर्देशित किये जाने पर भी भवनों की सुरक्षा एवं जर्जर दिवारों पर ध्यान नहीं दिया गया एवं तत्संबंधी जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को न दिया जाकर घोर लापरवाही की गई है।

इस कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है, जो कि म.प. सिविल सेवा (आचरण) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है।

इसके बाद कलेक्टर श्री तिवारी ने शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनगवां की शाला प्रभारी राधा पाण्डेय को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के उपनियम 09 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्रीमती पाण्डेय का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कटनी नियत किया गया है एवं इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व प्रारंभिक जांच में जनपद शिक्षा केन्द्र विजयराघवगढ़ के संविदा उपयंत्री मनोज स्वर्णकार की लापरवाही मानते हुये कलेक्टर आशीष तिवारी ने, उपयंत्री को शासकीय कार्यों से विरत करते हुये जांच संस्थित कर जाँच अधिकारी नियुक्त कर दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को शीघ्र पूरा करने की गई मांग

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर निकाली रैली, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारतीय मज़दूर संघ ने देशव्यापी आंदोलन के तहत संगठित और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की माँगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश एवं जिले स्तर की प्रमुख 46 माँगों को प्रदेश सरकार को भेजा गया।

मुख्य माँगों में आउटसोर्सिंग के कमर्चारी को समाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने,संविदा नीति में सरकार के द्वारा की गई घोषणा का अनुपालन, दस वर्षों से अधिक समय से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी को स्थाई नियुक्ति देने,अतिथि शिक्षकों को उनके अनुभव के आधार पर बोनस अंक प्रदान कर भविष्य सुरक्षित करने,बिजली



कर्मचारियों में अनुभव का लाभ देते हुए स्थाई नियुक्ति में छूट देने, शिक्षक एवं सहायक शिक्षकों को सितंबर 2025 को की गई घोषणा को समयमान वेतनमान देने का वचन पूरा करने, दो से अधिक संतान वाले कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने,दवा के क्षेत्र में कार्यरत एम आर को सेल्स प्रमोशन एम्प्लाई एक्ट के लाभ सुनिश्चित करना, चालक परिचालक बोर्ड का शीघ्र गठन किया जाना,मिड डे मील वर्कर को न्यूनतम दस हजार मानदेय निर्धारित करना,आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को बिना परीक्षा के 50% पदों पर सीधी भर्ती दोये जाना, कृषि उपज मंडियों में कार्यरत हम्मालों को निश्चित वेतन निर्धारित करना और 62 वर्ष की आयु पूरी होने पर शारीरिक क्षमता के अनुसार कार्य करने की अनुमति देने ,प्लेटफॉर्म एवं गिग वर्कर के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने आदि माँगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के पूर्व माधव नगर गेट से पैदल मार्च निकाला गया। पैदल मार्च के दौरान बीएमएस के अनुषांगिक यूनियनों के प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी अपनी यूनियनों की माँगों पर भाषण दिए। रैली माधव नगर गेट से प्रारंभ होकर, दुगाडी नाला,विश्राम बाबा होते हुए कलक्ट्रेट पहुँची। जिला कलेक्टरेट पर डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा की को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के दौरान भारतीय मज़दूर संघ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल,जिला मंत्री विनोद पटेल,राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अतिथि संघ प्रदेश महामंत्री अरुण गिरी गोस्वामी,राजेश भारद्वाज, एम आर संघ जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमटाकर आदि उपस्थित रहे।

### तिलक महाविद्यालय में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

# प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक महाविद्यालय के खेल मैदान परिसर में मेरा युवा भारत कटनी के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फरवरी माह में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता विजेताओं ने इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रतियोगिता में विकासखंड बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ एवं कटनी से आई विजेता टीम ने छः खेल विधा वॉलीबॉल (पुरुष), खो-खो (महिला), गोला फेंक (पुरुष), गोला फेंक (महिला), 200 मीटर दौड़ (पुरुष), 100 मीटर दौड़ (महिला) में अपनी भागीदारी दर्ज की। पुरुस्कार वितरण समारोह का





शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ आर.पी. मिश्रा, जिला संगठक एन.एस.एस. डॉ रुख्मणि प्रताप सिंह, प्राध्यापक डॉ. माधुरी गर्ग एवं राजकुमार अग्रवाल द्वारा किया गया।

वॉलीबॉल एवं खो-खो में विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी, मोमेंटो, खेल सामग्री, एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एकल स्पर्धा रेस एवं गोला फेंक में पुरुष एवं महिला में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मैडल एवं प्रमाण पत्र दिए गए। सभी प्रतिभागी खिलाडियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाडियों को शुभकामनाएँ दी गई। इस आयोजन का सफल संचालन राम कुमार, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवं मंडल अध्यक्ष अनिकेत शर्मा की टीम द्वारा किया गया। कोच के रूप में खेल विभाग की ब्लॉक स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर उमा चडार, वीरेंद्र पांडे, श्रद्धा पांडे, रेखा पटेल, चेतना झा, राजकिशोर पटेल, सलमान अहमद के सफल निर्देशन में प्रतियोगिताएँ समपन्न हुई। स्थानीय खेल कूद के अवसर को बढ़ावा देने के लिए विकासखंड एवं जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

## कर्मचारियों व पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुचारू एवं कर्मचारी हितों के प्रति संवेदनशील बनाते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नव वर्ष प्रारंभ होने के साथ ही कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सकारात्मक पहल करते हुए 2 जनवरी 2026 से निगम में पदस्थ कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों की निगम संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु कर्मचारी समस्या निवारण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया था। निगमायुक्त की इस सकारात्मक पहल के तहत इस माह भी 27 फरवरी 2026 को नगर निगम के एम आई सी सभाकक्ष में कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों, पेंशनर्स की नगर निगम से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कर्मचारी समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार स्वयं मौजूद रहकर कर्मचारियों की समस्या एवं शिकायतों पर सुनवाई करेंगी।

उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने बताया कि 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित होने वाले शिविर में सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन, पेंशन, जीपीएफ, अवकाश, मेडिकल प्रतिपूर्ति सहित अन्य लंबित मामलों में प्राथमिकता से सुनवाई की जाकर उनका निराकरण किया जाएगा। निगमायुक्त ने शिविर के प्रभावी एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएँ समयपूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### अशासकीय महाविद्यालयों के निरीक्षण हेतु समिति गठित

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने रीठी स्थित 2 अशासकीय महाविद्यालयों राजीव गांधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय और साईनाथ बी.एड. इन्स्टीट्यूशन की मान्यता नवीनीकरण हेतु भौतिक निरीक्षण के लिये एक समिति का गठन किया है। साथ ही समिति को आगामी 7 दिवस में निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार अशासकीय महाविद्यालयों का भौतिक निरीक्षण किये जाने वाली गठित समिति में एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार रीठी संदीप सिंह, नायब तहसीलदार बिलहरी इशरार खान, प्राचार्य शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, प्राचार्य, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी नरेन्द्र वरखेडकर और प्राचार्य आईटीआई कटनी देवेश मिश्रा को शामिल किया गया है। भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा एम.पी. ऑनालईन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी अधिकारियों को अशासकीय महाविद्यालयों का भौतिक निरीक्षण निर्धारित प्रारूप में किया जाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने एवं भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर प्रेषित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### लोक अदालत हेतु पैनल लॉयर के साथ हुई बैठक

**कटनी।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के सभा कक्ष में समय पैनल लॉयर के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव सुमित शर्मा द्वारा उपस्थित पैनल लॉयर से वन-टू-वन आवश्यक चर्चा की एवं दिशा निर्देशित किया कि न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराये, और पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत से लाभांवित कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया। व्यवहार न्यायाधीश श्री शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन के द्वारा आमजन व पक्षकारों से अपील की है कि न्यायालय में लंबित समस्त राजनीमा योग्य प्रकरणों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए लोक अदालत का लाभ उठाएं।

### युवा पार्लियामेन्ट का आयोजन आज होगा

**कटनी।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में युवा पार्लियामेन्ट का आयोजन गुरूवार 26 फरवरी को सुबह 10:30 से किया जाएगा। यह आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित हो रहा है। इसमें पूर्व से पंजीकृत विद्यार्थी ही युवा संसद में सहभागिता करेंगें। पंजीकृत विद्यार्थी 'आपात काल के 50 वर्ष भारतीय लोकतन्त्र के लिए सबक' विषय पर तीन मिनट में अपनी बात रखेंगे। कटनी जिले में 199 वक्ताओं व प्रतिभागियों ने स्वयं को पंजीकृत किया है। इस प्रतियोगिता में शासकीय तिलक, कन्या, बरही महाविद्यालय, उमारियापान, कैमोर साईंस कॉलेज, कटनी कला वाणिज्य, सिलौड़ी महाविद्याय के छात्र अपने विचारों को व्यक्त करेंगें तथा चायनित 3 विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगें।

### 14 मवेशी को भेजा कांजी हाउस, 800 रुपये का जुर्माना

**कटनी।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं बाधारहित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी की हांका टीम लगातार सक्रियता से कार्य कर रही है। अभियान के अंतर्गत अभियान के अंतर्गत गत शाम नगर के सार्वजनिक मार्गों एवं घनी बस्तियों नई बस्ती, गांधी गंज सहित अन्य स्थलों पर विचरण कर रहे 14 आवारा मवेशियों को पकड़कर अमरगंज स्थित कांजी हाउस भेजा गया। कार्यवाही के दौरान संबंधित पशुपालकों पर 800 रुपये का जुर्माना भी अधिरोपित किया गया।

## कृषकों को दी गई योजनाओं, नरवाई प्रबंधन और उन्नत कृषि उपकरणों की जानकारी

# फायदे की बात : यंत्रीकृत खेती से कम लागत एवं समय में होगी अधिक पैदावार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पिपरौंध स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित जिलास्तरीय कृषि विज्ञान मेले में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा लगाई गई कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी कृषकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। इस दौरान कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी संदीप पीपड़ा द्वारा विभाग की ओर से महत्वपूर्ण सहभागिता निभाते हुये मंच के माध्यम से कृषकों कों उन्नत कृषि यंत्रो, विभाग की योजनाओं तथा उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

किसानों को परंपरागत खेती की तुलना में यन्त्रीकृत खेती से कम समय, कम लागत में अधिक पैदावार के बारे में तुलनात्मक गणना करके विस्तार से समझाया गया। साथ ही उन्नत कृषि यंत्रों की चर्चा करते हुये कृषि यंत्र प्लाऊ के बारे में बताया गया कि यह 8 से 10 इंच मिट्टी को अलट-पलट देता है। जिससे मिट्टी के अंदर छिपे हुये हानिकारक कीट जैसे दीमक, इल्ली व उनके अण्डे आदि तेज धूप में मर जाते हैं व घास आदि सुख कर मिट्टी में मिल जाती हैं। इससे खरपतवार कम होता है और मिट्टी के पलटने से मिट्टी का नवीनीकरण होता हैं। जिससे मिट्टी उपजाऊ होती है व मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती हैं।

श्री पीपड़ा ने किसानों को बताया की यदि खेत ढलान में हो तो गहरी जुताई इसके विपरीत दिशा में करनी चाहिए। इससे मिट्टी का क्षरण नहीं होगा। वहीं, यदि ढलान की दिशा में गहरी जुताई की गई तो मिट्टी पानी के बहाव के साथ दूसरे के खेत में चली जायेगी।

कार्यक्रम में कृषकों को सब साइलर कृषि यंत्र के लाभ के बारे में भी बताया गया। यह यंत्र मिट्टी की उस कठोर परत को तोड़ देता हैं जो की हार्वेस्टर व टैक्टर, रासायनिक खाद आदि के डालने से अत्यधिक कठोर हो जाती है। यह यंत्र 18 से 24 इंच गहराई तक उस कठोर परत को बिना मिट्टी के पलटाये तोड़ देता हैं, जिससे बारिश का पानी जमींन में नीचे उतरने लगता हैं। इससे अधिक बारिश होने पर जल मिट्टी के अंदर चला जाता है और फसल में सड़न की समस्या नहीं आती। वहीं, दूसरी ओर कम बारिश होने पर जमीन के अंदर उतरा पानी फसल की जड़ों को पानी देता रहता है, इससे फसल सूख नहीं पाती।

मेले में एक और आधुनिक कृषि यंत्र बेलर की चर्चा करते हुए बताया गया कि जब किसान भाई हार्वेस्टर से कटाई करते हैं तो खेत में जो पुआल या भूसा आदि फैला रहता हैं उसे रेक कृषि यंत्र के माध्यम से एक लाइन में कर बेलर मशीन द्वारा उस फसल अवशेष को उठा कर बंडल बना कर हम प्राप्त कर सकते हैं। इन बंडलों को ईंट भट्टा, गौशाला, डेयरी फॉर्म आदि में बेंच कर अतिरिक्त लाभ कमाया जा सकता है। इससे हमें पराली को भी नहीं जलाना पड़ेगा।

उन्नत कृषि यंत्रों की चर्चा के क्रम में श्री पीपड़ा ने लेजर लैंड लेवलर कृषि यंत्र की चर्चा करते हुए बताया की कोई खेत उबड़-खाबड़ या ऊपर नीचे हो तो यह यंत्र उसे बिल्कुल सटीक रूप से लेवल कर देता है। जिससे पूरे खेत में एक समान पानी व घुलनशील उर्वरक आदि समान रूप से दिये जा सकते हैं तथा बोनी भी एक समान गहराई में की जा सकती है। जिससे उत्पादन ज्यादा आता है तथा खाद-पानी डीजल व समय की भी बचत होती है।

वहीं इसके विपरीत यदि खेत ऊपर नीचे होता तो फसल में ऊपर के हिस्से में पानी न होने की स्थिति में सूखा व नीचे के हिस्से में अधिक पानी के कारण फसल में सड़न की स्थिति पैदा होती है। अर्थात दोनों ही स्थिति में हमारी पूरी फसल ख़राब हो जाती इस यंत्र के उपयोग से इस प्रकार की परिस्थिति से बचा जा सकता हैं।

कार्यक्रम में नरवाई प्रबंधन यंत्रो जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, आदि यंत्रो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई कि ये यंत्र कैसे एक बार में ही खेत की तैयारी, नरवाई को काट कर मिट्टी में मिलाना तथा बुवाई तीनों कार्य एक साथ कर देता है।

# 29 पेयजल स्रोतों की सफाई, 76 ट्यूबवेल का हुआ सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निगम की टीमों द्वारा रोजाना विभिन्न जल स्रोतों एवं वितरण बिंदुओं से नमूने लेकर निर्धारित मानकों के अनुरूप जांच की जा रही है।

उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत बुधवार को संत कवरराम वार्ड स्थित रॉबर्ट लाइन,मानसरोवर कॉलोनी, महात्मा गांधी वार्ड हरिजन बस्ती एवं गौर गली, बाबू जगजीवन राम वार्ड, सिविल लाइन,गुरुनानक वार्ड बरही रोड सहित नगर के अन्य स्थलों से पेयजल सैंपल एकत्रित किए जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।

उपयंत्री श्री श्रीवास्तव ने बताया कि जल गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम भी उठाए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। सुचारू पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर अब तक 29 टंकी, ओवरहेड टैंक, संपवेल की सफाई कराई जा चुकी है। वही 76 ट्यूबवेल के सुधार कार्य के अलावा 672 लीकेज संबंधी शिकायतों पर मरम्मत का कार्य कराया जा चुका है। नागरिकों से अपील की गई है कि जल संबंधी किसी भी समस्या या शिकायत की सूचना नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर अथवा नगर निगम कार्यालय या नजदीकी जोन कार्यालय को दें, ताकि त्वरित निराकरण किया जा सके।

### राशि जमा करने पर 6 नल कनेक्शन विच्छेदित

**कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा जहां एक ओर नागरिकों को सुगम सेवा सरल भुगतान की सुविधा मुहैया करानें के उद्धेश्य से वार्डवार शिविरों का आयोजन कर बकाया करों को आसानी से जमा करने की सुविधा नागरिको को मुहैया कराई जा रही है। वहीं बड़े बकायादारों द्वारा सूचना देने के बाद भी निगम के बकाया करों की राशि जमा नहीं करने पर कठोर कार्यवाही भी प्रस्तावित की जा रही है। इस संबंध में जल प्रदाय शाखा द्वारा बताया गया कि जल कर की राशि काफी लंबे समय से जमा नहीं करने पर 6 उपभोक्ताओं के यहां नल कनेक्शन विच्छेदन करनें की कार्यवाही की गई।

# विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं नवाचार के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



छात्राओं को वैज्ञानिक आविष्कारों, नवाचारों तथा उनके योगदान से अवगत कराने हेतु शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया।

डॉ. प्रभात ने छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने, आत्मविश्वास बनाए रखने और नवाचार की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विज्ञान को महिलाओं के सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

मुख्य वक्ता डॉ. आर. के. गुप्ता ने अपने व्याख्यान में विभिन्न वैज्ञानिकों के आविष्कारों एवं उनके समाज पर प्रभाव को विस्तार से स्पष्ट किया। उन्होंने प्राचीन भारतीय विज्ञान से लेकर आधुनिक खोजों तक के योगदान पर प्रकाश डाला, जिससे छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायता मिली।

इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित विभिन्न मॉडल, चार्ट और प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी में प्राचीन भारतीय विज्ञान, आयुर्वेद, गणितीय आविष्कार तथा आधुनिक नवाचारों को एकीकृत रूप से प्रस्तुत किया गया। यह छात्राओं के लिए रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने का उत्कृष्ट अवसर सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में विज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित सभी प्रश्नों को पूछा गया वह छात्राओं द्वारा उनका उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रोशनी पांडेय का विशेष योगदान रहा।

सहसंयोजक शिल्पी कुमारी सिंह तथा अन्य सदस्यों के समन्वय एवं अथक प्रयासों से यह आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, के.जे. सिन्हा, बंदना मिश्रा, मिथलेश्वरी, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, प्रियंका सोनी, स्मृति दहायत, आरती वर्मा, मीनाक्षी वर्मा, डॉ. सोनिया कश्यप, अंजनेय तिवारी, डॉ. पी.सी. कोरी, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## आत्महत्या रोकथाम विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम



शासकीय महाविद्यालय बरही मे प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.एस. धुर्वे के नेतृत्व मे विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु आत्महत्या रोकथाम विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी भारती दीदी ने आत्महत्या रोकथाम हेतु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। हमें हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए और भगवान ने जो कुछ भी दिया है उसके लिए उनका धन्यवाद करना चाहिए। विशिष्ट वक्ता ब्रह्मकुमारी श्रुति दीदी एवं ब्रह्मकुमारी दीपा दीदी ने आत्महत्या रोकथाम हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया। डॉ रश्मि त्रिपाठी ने आत्महत्या से बचाव हेतु सुझाव दिया और सकारात्मक जीवन जीने की सीख दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर आशीर्वचन प्रदान किया।

# शिविरों में 442 हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगम प्रशासन द्वारा शासन की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्रदान कर नगर के स्ट्रीट वेंडर्स के व्यवसाय को सुदृढ़ कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे किये जा रहे प्रभावी प्रयासों के फलस्वरूप नगर के स्ट्रीट वेंडरों को योजना को योजना का लाभ प्राप्त करने की राह आसान हो रही है।

सिटी मिशन मैनेजर यश रजक ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा योजना से प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु वार्डवार शिविरों के आयोजन के अलावा पात्र वेंडर्स की पहचान कर योजना की जानकारी प्रदान की जा रही है। वहीं इस कार्य में संलग्न टीम द्वारा हितग्राहियों के दस्तावेजों के त्वरित सत्यापन तथा बैंकिंग प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन की दिशा विशेष ध्यान दिया जाकर हितग्राहियों को समयबद्ध वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास जारी है। सिटी मिशन मैनेजर एनयूएलएम यश रजक ने बताया कि निगम प्रशासन की सक्रिय पहल एवं सतत समन्वय के परिणामस्वरूप योजना के तहत फरवरी माह में 1 फरवरी से 25 फरवरी तक 442 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। जिसमें 15 हजार ऋण स्वीकृति के 117 प्रकरण, 25 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति के 262 प्रकरण तथा 50 हजार रुपये की ऋण स्वीकृति के 63 प्रकरण शामिल है।

इस पहल से न केवल वेंडर्स की आजीविका को बल मिला रहा है, बल्कि नगरीय अर्थव्यवस्था को भी सकारात्मक गति प्राप्त हुई है। नगर पालिका निगम कटनी द्वारा वर्तमान समय में भी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जाकर पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने एवं अधिकाधिक वेंडर्स तक लाभ पहुंचाने के प्रयास अनवरत जारी है।

### आज शिविर यहां लगेगा

सिटी मिशन मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के उद्देश्य से गुरुवार 26 फरवरी को बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 में मंडी गेट के सामने पार्षद कार्यालय के पास शिविर का आयोजन किया जाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही की जायेगी। हितग्राहियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर स्थल पहुंचकर योजना का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

नगर निगम ने सभी पात्र स्ट्रीट वेंडरों से अपील की है कि वे निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 63 के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कार्यालय में संपर्क कर योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

## भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व मंत्री ने प्रेसवार्ता में गिनाई खूबियां

# समृद्ध, संपन्न व विकसित मप्र की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मध्यप्रदेश विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कटनी में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तथा उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत यह बजट "समृद्ध, संपन्न, सुखद और विकसित मध्यप्रदेश" की परिकल्पना को साकार करने वाला दूरदर्शी दस्तावेज है। जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने बजट का स्वागत करते हुए इसे सर्वसमाज के समग्र विकास, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और युवा उन्नति पर केंद्रित बताया।

बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष का बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग साढ़े चार प्रतिशत अधिक प्रावधान के साथ प्रस्तुत किया गया है। यह प्रदेश का पहला "रोलिंग बजट" है, जो आगामी तीन वर्षों के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करता है। बजट को डिजिटल, पारदर्शी और जनता-केंद्रित बताया गया है। विशेष बात यह है कि लगातार तीसरी बार कोई नया कर नहीं बढ़ाया गया है, जिससे आमजन को राहत मिलेगी।

### किसानों को होगा लाभ

उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 को "किसान कल्याण वर्ष" घोषित किया गया है। किसानों के लिए 25,000 करोड़ रुपये के कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एक लाख सोलर पंप वितरण की योजना से किसानों को बिना अतिरिक्त बिजली लागत के सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। किसान कल्याण योजना हेतु 5,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें फसल बीमा, ब्याज-मुक्त ऋण एवं अन्य सहायता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त फसल बीमा योजना के लिए 1,299 करोड़ रुपये का अलग से प्रावधान रखा गया है।

श्री सिंह ने कहा कि बजट युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराने वाला है। महिलाओं और गरीब वर्ग के लिए समर्पित योजनाओं में 'लाड़ली बहना' जैसी योजनाओं को मजबूती दी गई है। स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। ग्रामीण एवं कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक निवेश प्रस्तावित है।

## निगमायुक्त ने बैंकर्स के साथ समन्वय बैठक कर दिये निर्देश

# लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण ताकि हितग्राही न हो परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर बैंकर्स की समीक्षा बैठक ली। बैठक में लीड बैंक मैनेजर किंडो, उपयुक्त शैलेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, सिटी मिशन मैनेजर एन यू एल एम यश रजक सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। बैठक में निगमायुक्त ने योजनाओं की वर्तमान प्रगति, बैंकों को प्रेषित प्रकरण तथा निराकृत प्रकरण की बैंक वार विस्तार से समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के कारणों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की निगमायुक्त ने बैंक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी लंबित प्रकरणों पर प्राथमिकता के साथ कार्यवाही की जाए, ताकि छोटे व्यापारियों, स्ट्रीट वेंडर्स एवं आवास के लिए पात्र हितग्राहियों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। निगमायुक्त ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से जहां छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है, वहीं आवास योजना से शहरी गरीबों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध हो रहा है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। मार्च के पूर्व सभी प्रकरणों का निराकरण किया जाए, जिससे कि संबंधित हितग्राहियों को चालू वित्तीय वर्ष में लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने योजना के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैंकर से समन्वय बनाएं एवं हितग्राहियों के साथ बैंक जाकर उनके प्रकरणों के निराकरण में मदद करें। निगमायुक्त ने निगम प्रशासन द्वारा बैंकर्स को हरसंभव सहयोग प्रदान किए जाने का आश्वासन भी दिया गया। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने बैंकर्स से आपसी समन्वय, दस्तावेज सत्यापन में संवेदनशीलता तथा त्वरित निर्णय प्रक्रिया अपनाने का आग्रह किया। साथ ही यह भी कहा कि जिन प्रकरणों में दस्तावेजों की कमी या तकनीकी अड़चन हैं, वहां हितग्राहियों को सकारात्मक मार्गदर्शन देकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिससे अधिक से अधिक हितग्राही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

निगमायुक्त ने समन्वय बैठक के अंत में यह स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाएगी और प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित स्तर पर पुनः बैठक कर आपसी समन्वय के साथ प्रकरणों के निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, ताकि नगर के अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

बैठक के दौरान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एक्सिस बैंक, महाराष्ट्र बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक सहित नगर के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# जनगणना हेतु भवनों एवं मकानों के सूचीकरण के लिए दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जनगणना 2027 के मद्देनजर नगर के भवनों एवं मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य हेतु निगम के वार्ड दरोगाओं एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं सुपरवाईजर के दल का गठन कर संबंधितों को वार्ड के भवनों, मकानों को क्रमानुसार बढ़ते हुए लाल रंग से मकान नंबर अंकित करने के साथ ही मुखिया का नाम, आवासीय, गैर आवासीय एवं मकान की स्थिति संधारित करने के कार्य को 10 मार्च से पूर्व करने के निर्देश दिए है।

आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार आईएएस द्वारा जारी आदेशानुसार वार्ड क्रमांक 1 से 6 तक के लिए सुपरवाईजर संदीप बर्मन को नियुक्त करते हुए 12 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 7 से 10 तक के लिए बृजेश कुंडे को सुपरवाइजर नियुक्त किया जाकर दल में 8 कर्मचारी संलग्न किये गए है। वहीं वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक के लिए तीरथ प्रसाद बैगा को सुपरवाइजर नियुक्त किया जाकर 10 कर्मचारियों, वार्ड क्रमांक 16 से 21 हेतु दीपक मलिक सुपरवाईजर के साथ 12 कर्मचारियों, तथा वार्ड क्रमांक 22 से 29 के लिए तेजभान सिंह सुपरवाईजर के साथ 16 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 30 से 33 एवं 37 व 38 एवं 42 हेतु दीपक अग्निहोत्री सुपरवाईजर के साथ 14 कर्मचारियों, वार्ड क्रमांक 34 एवं 39,40,41 तथा वार्ड क्रमांक 43 से 45 तक में सुशांत सिंह परिहार सुपरवाईजर के साथ 14 कर्मचारियों तथा वार्ड क्रमांक 35 दीपक मलिक सुपरवाईजर की ड्यूटी लगाई गई है।

## चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान में भक्ती भाव से अर्घ्य चढ़ाए गए

# अष्टानिका पर्व में समोशरण में हो रही अर्हंतों की आराधना







हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर प्रबंध कार्यकारणी समिति एवं सकल जैन समाज द्वारा अष्टानिका महापर्व पर आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के आर्शीवाद से मुनि श्री पदम सागर जी के ससंघ सानिध्य में श्री 1008 चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है। इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन मख्य समवशरण के साथ 24 तीर्थकरों के समवशरण में श्रावकजनों ने पूजन विधान करके धर्माजन किया। नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में 24 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित श्री 1008 चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान में मुनि श्री पदम सागर एवं छुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में बुधवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए। प्रातः ब्रहम्चारी दीपक भैया, पं अभिषेक शास्त्री, पं आशीष जी, स्वतंत्र भैया पंडित सुरेश शास्त्री सहित अन्य विद्वानों के निर्देशन में श्रीजी का अभिषेक पूजन प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य सुनील जैन बैंक वाले, अखिलेश जैन फट्टा, लोकेश गांगरा, संतोष गांगरा, जितेंद्र जैन गुड्डू निहाल पलंदी मदिर परिवार को प्राप्त हुआ। देव शास्त्र गुरू पूजन उपरांत सोलह कारण पूजन संपंन किया गया। तत्पश्चात समोशरण विधान के अर्ध समपिर्त किए। मुनिश्री पदम सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में अष्टानिका महापर्व में अर्हंत चक्र 24 समोशरण विधान की महिमा का बखान करते हुए समोशरण की 12 भूमियों का विस्तार से विवरण किया। इस अवसर पर मुनिश्री एवं छुल्लक श्री को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य ब्रम्हचारी दीपक भैया एवं संघस्थ ब्रम्हचारी मोनू भैया को प्राप्त हुआ। रात्रि में मंगलमय महाआरती करने का सौभाग्य जैन मिलन नगर शाखा परिवार को प्राप्त हुआ।

### मुख्य समोशरण में बैठनें वाले सौभाग्य शाली परिवार

इस अवसर पर मुख्य समोशरण में सौधर्म इंद्र एकांश अस्मिता जैन अभाना वाला परिवार, भरत चक्रवर्ती रमेश कुमार भेड़ा वाला परिवार, कुबेर महाराज पदमचंद जैन खली वाला परिवार, महायज्ञ नायक प्रवीण जैन महावीर ट्रांसपोर्ट परिवार को पूजन विधान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्य समोशरण के चारों तरफ बैठक मुख्य ध्वजारोहण कर्ता मनोज जैन मीनू विजय आयरन परिवार, सहायक ध्वजारोहण कर्ता संतोष साधना गांगरा आर्शीवाद परिवार, जिनेंद्र जैन मड़ला वाला परिवार, महेश दिगंबर एवं अमित त्यागी मातेश्वरी मीना जैन, पांडाल उदघाटनकर्ता डा. सरोज जैन परिवार को पूजन विधान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्य गंधकुटी समोशरण में श्री संतोष सिंघई परिवार तथा श्री चंदकुमार अभिषेक जैन खजरी परिवार को पूजन विधान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं 22 लघु समोशरण के समक्ष 22 सौधर्म इंद्र परिवारों को तथा मुख्य पांडाल में इंद्र इंद्राणियों को पूजन विधान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### लघु समोशरण में सौधर्म इंद्र बनने वाले सौभाग्यशाली परिवार

विधान समिति के संयोजक महेश दिगंबर ने बताया कि चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान अवसर पर 22 लघु समोशरण की रचना की गई। जिसमें सौधर्म बनकर परिवार के साथ पूजन विधान करने का सौभाग्य सुधीर सिंघई, विजय श्री जबलपुर, संदेश दिलेश चौधरी, ब्रह्मचारी अभिषेक सिंघई, दीपक जैन ;हर्ष कंप्यूटर, शदीपक बमोरया, दीप कुमार इंदौर, अमन सतीश सराफ, नेमचंद सुलभ बजाज, प्रवीण सिंघई, संदीप मोदी सतीश मोदी अभाना, राजेश जैन हिनौती देवांश ऋषि जैन, पदम बजाज, श्रीमति मुक्ता शैलेंद्र बजाज, मोती मयंक गोयल, प्रेमचंद संगीता अनुज नोहटा, डॉ राजकुमार जैन जबलपुर नाका, जय कुमार जैन आनंद जैन राजेंद्र जैन गिरनार ट्रेडर्स, अरविंद पंकज प्रवीण पीयूष अभिनंदन अथाई, अभिषेक जैन; श्रीमती दिव्या जैन डॉ सौरभ अतुल चौधरी, संतोष जैन नवीन निराला,रूपचंद जैन सीईओ एवं डॉ सुबोध जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

## वसूली मेगा शिविर में पहले ही दिन 10 लाख रुपये से अधिक कर वसूला

**दमोह।** दमोह नगर पालिका द्वारा शासन के निर्देशानुसार एक दिवसीय विशेष कर वसूली मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने बकाया कर (टैक्स) का भुगतान किया। नगर पालिका परिसर में आयोजित इस मेगा शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और लंबित करों का निराकरण कराया। शिविर के दौरान करदाताओं की सुविधा के लिए विशेष काउंटर बनाए गए थे, जिससे भुगतान प्रक्रिया सरल और सुव्यवस्थित रही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शिविर के पहले ही दिन लगभग 10 लाख रुपये से अधिक की कर राशि नगर पालिका को प्राप्त हुई है। उन्होंने नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य कर संग्रहण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी अपील की कि जिन नागरिकों का कर बकाया है, वे समय पर कर जमा कर नगर विकास कार्यों में सहभागी बनें।

**खास बातें**

### राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में बौद्धिक चर्चा सत्र आयोजित

**पन्ना।** सात दिवसीय आवासीय शिविर के तृतीय दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) के अंतर्गत बौद्धिक चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नंदपाल सिंह राजपूत (भूतपूर्व ठम्) विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए छै के कर्तव्यों, उद्देश्यों एवं सामाजिक दायित्वों पर अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। उन्होंने वर्ष 1985 में स्वयं द्वारा किए गए छै शिविर से जुड़े प्रेरणादायक संस्मरण भी विद्यार्थियों को सुनाए, जिससे छात्र-छात्राओं में सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ी। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापक जेपी अहिरवार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा समसामयिक एवं शैक्षिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

## सप्तदिवसीय श्रीराम यज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का हुआ भावपूर्ण समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



ग्राम सिंग्रामपुर की पिपरिया कॉलोनी में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम यज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का आज अंतिम दिन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा पंडाल राममय वातावरण से गूंज उठा। कथा के अंतिम दिवस पर कथा वाचक पंडित घनश्याम खम्परिया जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र का मार्मिक एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन विनम्रता, त्याग, मर्यादा और करुणा का अद्भुत उदाहरण है। उनकी कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। महाराज श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीराम ने विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ आएं, हमें सदैव धर्म, सत्य और विनम्रता का पालन करना चाहिए। कथा के समापन पर महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें श्रीराम जैसे सरल, विनम्र और सच्चे बनने का प्रयास करना चाहिए। यदि हम अहंकार, लोभ और स्वार्थ का त्याग कर सच्चे मन से भगवान का स्मरण करें, तो हमारा जीवन स्वयं ही सुंदर, शांतिपूर्ण और सार्थक बन जाता है। कार्यक्रम के अंत में यज्ञ की पूर्णाहुति, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। पूरे ग्राम में इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।

## बसंत राय बने प्रदेश अध्यक्ष मजदूर संघ, आम आदमी पार्टी ने फिर जताया भरोसा

**जबेरा** आम आदमी पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी एवं दिल्ली सरकार के पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर के निर्देशन में विगत दिनों मध्य प्रदेश आम आदमी पार्टी में प्रदेश स्तर पर व्यापक फेर बदल करते हुए नवीन कार्यकारिणी गठित की गई है ,जिसमें 153 पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त की गई नवीन कार्यकारिणी में जबेरा के नजदीकी ग्राम



कोरता निवासी बसंत राय जो कि लगभग 13 - 14 बरसों से आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं तथा एक बार आम आदमी पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी जबेरा क्षेत्र से लड़ चुके हैं । उन्ही वसंत राय पर पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताया है तथा उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष मजदूर संघ (द्वितीय कार्यकाल) हेतु नियुक्त किया गया है। बसंत राय की नियुक्ति पर पूरे जबेरा विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता का माहौल है ।जहां उनके ग्रह ग्राम कोरता में फूल मालाओं से स्वागत करते हुये जुलूस निकाला गया । एक बार पुनह प्रदेश अध्यक्ष मजदूर संघ नियुक्त किए जाने पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों के द्वारा बसंत राय को बधाइयां दी जा रही हैं ।वहीं बसंत राय ने अपनी इस उपलब्धि को समस्त पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत बताते हुए इसे अपने कार्यकर्ताओं की उपलब्धि बताई तथा आम आदमी पार्टी का उनके ऊपर भरोसा करने पर पार्टी का आभार जताते हुए पार्टी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रतिभाशाली छात्रा को महाविद्यालय में मिला अलंकार पुरस्कार

**तेंदूखेड़ा।** नगर एवं क्षेत्र के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि नगर से लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित बम्हौरी पाँजी ग्राम की प्रतिभाशाली छात्रा विशाखा यादव को शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला




महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा आयोजित अलंकार पुरस्कार वितरण समारोह में "अलंकार पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा महाविद्यालयीन गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रदान किया गया। विशाखा यादव, जो बम्हौरी पाँजी के पूर्व सरपंच संतोष यादव की सुपुत्री हैं, ने निरंतर परिश्रम, लगन और समर्पण के बल पर यह विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की है। उनकी सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर को गौरवान्वित किया है। पुरस्कार वितरण समारोह में मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया। समारोह में उपस्थित प्राध्यापकों एवं अतिथियों ने विशाखा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगी। इस उपलब्धि से तेंदूखेड़ा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। विशाखा यादव की यह सफलता अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी है।

**ग्राम छापरी ठाकुर में संस्कार केंद्र के अवलोकन के साथ नर्सरी का अवलोकन**

## आदर्श ग्राम की परिकल्पना सभी के सहयोग से साकार होगी-दिनेश उमरैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक दिनेश उमरैया का प्रवास मंगलवार को विकासखंड दमोह के बांदकपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम छापरी ठाकुर में हुआ।जिसमें सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा स्वमी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया।ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छापरी ठाकुर के सदस्यों द्वारा अतिथियों को पौधे भेंट कर स्वागत किया गया।इसके बाद संस्कार केंद्र सह वाचनालय एवं जन सूचना केंद्र के साथ आदर्श ग्राम में संचालित गतिविधियों की जानकारी नवांकुर संस्था मिशन जन जागृति युवा मंडल कार्यक्रम समन्वयक से प्राप्त की।इसके बाद जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों से संवाद कर ग्राम में स्वच्छता, नशा मुक्ति हेतु कार्ययोजना बनाकर ग्राम में उपलब्ध संसाधनों के सर्वे की बात कही।संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया जी ने कहा कि आदर्श ग्राम की परिकल्पना सभी के सहयोग से ही साकार होगी।

इसके लिए ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति को सभी ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम की समस्याओं के समाधान हेतु समुदाय के सभी लोगो के साथ कार्य करना होगा।इसके बाद संस्कार केंद्र के बच्चों द्वारा प्राथना,गीत एवं भोजन मंत्र गाकर बताया।इस अवसर पर आपने कहा कि प्रस्फुटन समिति की नियमित साप्ताहिक बैठकों के साथ साप्ताहिक श्रमदान,नशा मुक्ति जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाए।आपने प्रस्फुटन समिति के दस्तावेज का अवलोकन कर सभी प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजों के संधारण कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छापरी ठाकुर द्वारा स्थापित नर्सरी का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह की ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छापरी ठाकुर से दरयाव सिंह,अमर सिंह के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों एवं संस्कार केंद्र के बच्चों की उपस्थिति रही।

## आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न





**तेंदूखेड़ा।** थाना परिसर में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी समुदायों के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी एवं नगर निरीक्षक रविंद्र बागरी ने उपस्थित नागरिकों से आगामी पर्वों को आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांति के साथ मनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि 02 मार्च को होलिका दहन, 03 मार्च को धुरेड़ी, 08 मार्च को रंग पंचमी तथा 21 मार्च को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जाएगा। इन अवसरों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित न करने की अपील की गई। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। नगरवासियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश जैन, मंडल अध्यक्ष संतपाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, संजय जैन, बबलू घोषी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मुन्ना लाल विश्वकर्मा, सोनू खान, खलील खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित जनों ने नगर में शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया। प्रशासन एवं नागरिकों के सामूहिक सहयोग से तेंदूखेड़ा में त्योहारों के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन की उम्मीद जताई गई।

## प्रस्फुटन समितियां की क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**झलौन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था महाराणा प्रताप शिक्षक संघ द्वारा सेक्टर झलौन में प्रस्फुटन समितियां की क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि समाज सेवी बेनी प्रसाद नामदेव डिप्टी रेंजर अनिल अहिरवार, जवाहर पटेल, द्वारा मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। उपस्थित समस्त समितियां को विकासखंड समन्वयक दीपचंद मालवीय द्वारा जन अभियान परिषद की कार्य प्रणाली कार्य करने के प्रमुख बिंदु जन सूचना केंद्र दस्तावेजीकरण ग्राम के बाहर बोर्ड नर्सरी निर्माण आदि विषयों पर उपस्थित समितियां को मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में डिप्टी रेंजर अनिल अहिरवार द्वारा वन विभाग की योजना पौधा वितरण एवं नर्सरी के निर्माण पर विस्तृत रूप से उपस्थित समितियां को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रसाद नामदेव द्वारा धर्म का प्रचार प्रसार समरसता भारतीय संस्कृति आदि विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र साहू एवं चंद्र प्रतापजी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण समापन की ओर से पूर्व समस्त समितियां के पदाधिकारी से ग्राम के विकास में समितियां की सहभागिता पर अपने-अपने विचार व्यक्त कराए गए। इस अवसर पर उपस्थित समितियां झलौन मुकेश जैन, चंद्र प्रताप सेहरी से, गोकुल खरे मोर से, कैलाश लोधी, हिम्मत सिंह लोधी, धनेटा ओरिया मुकेश पटेलआदि सदस्य गण उपस्थित रहे वही कार्यक्रम पधारे हुए समितियां का एवं अतिथियों का का आभार व्यक्त रूप लाल जी द्वारा किया गया।

### देवेंद्रनगर सलेहा रोड बना "धूल और पत्थरों" का जाल, हादसों की खुली दावत

**पन्ना।** देवेंद्रनगर सलेहा रोड इस समय विकास कार्य नहीं, बल्कि अव्यवस्था और गैर-जिम्मेदारी की मिसाल बन चुकी है। सड़क किनारे डाले गए मिट्टी और बड़े-बड़े पत्थरों को बिना समतल किए छोड़ दिया गया है। न चेतावनी बोर्ड, न बैरिकेडिंग, न रात में रिफ्लेक्टरकृऐसे में हर गुजरता वाहन हादसे के खतरे से जूझ रहा है। बीती रात पत्थरों से टकराकर एक बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं हैकृलगातार छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। उड़ती धूल से हालात और भयावह हैं। राहगीरों और दुकानदारों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। सवाल उठता हैकृक्या पीडब्ल्यूडी अधिकारी और संबंधित ठेकेदार सिर्फ भुगतान लेने में सक्रिय हैं, जिम्मेदारी निभाने में नहीं? नगरवासियों का साफ कहना है कि यह सीधी-सीधी लापरवाही और मनमानी है। बिना सुरक्षा मानकों का पालन किए काम कराया जा रहा है। अगर समय रहते पत्थरों को समतल नहीं किया गया, नियमित पानी का छिड़काव नहीं हुआ और सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए। जनता पूछ रही हैकृक्या किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही जवाबदेही तय होगी।

## मशरूम उत्पादन एवं वर्मी कंपोस्टिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में 25 फरवरी को प्राचार्य डॉ. जी.पी.चौधरी की अध्यक्षता में इको क्लब के पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम मशरूम उत्पादन एवं वर्मी कंपोस्टिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रभान पटेल एवं डॉ. मनोज अहिरवार, डॉ. बी. एल. साहू, कृषि विज्ञान केंद्र दमोह एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में श्रीराम जी कुरेरिया मेहता ऑर्गेनिक फार्म, हरिशंकर विश्वकर्मा जड़ी बूटी एवं मशरुम उत्पादन विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान देकर मशरूम यूनिट के संचालन के बारे में बताया साथ ही इको क्लब के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनी लगाया गया है, जिसमें चिड़ियों के लिए घोंसला, स्टोन पेंटिंग, ग्लास पेंटिंग का प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व में हुई प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में इको क्लब की प्रभारी प्रीति वर्मा समिति संयोजक डॉ. प्रणव मिश्रा समिति सदस्य डॉ. आराधना श्रीवास्तव, डॉ. बृजेंद्र कुसमारिया, डॉ. दिनेश पटेल, शिव शंकर मरकाम, आदेश नामदेव कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एन पी नायक, डॉ. रेखा जैन, डॉ. अरूणा एम जैन, डॉ. अवधेश जैन, डॉ. डी के नेमा, डॉ. आर पी अहिरवार, बृजेश मौर्य, भारती चौरसिया, डॉ. असलम खान, जया अहिरवार, पूजा तंतुवाय, अतिथि विद्वान डॉ. राजेश पौराणिक डॉ चंद्रशेखर राठौर, डॉ. उमेश दीपांकर, डॉ. स्वती यादव, डॉ. अनुभा तिवारी, डॉ. ममता संगी, डॉ. प्रिया थापा, डॉ. रेशमा परवीन, डॉ. शिखा यादव, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. संतोष कुमार कुम्हार, आकाश पांडे, राम पवित्र गौतम, बाबूलाल सिंह, जितेंद्र सिंह तोमर एवं इको क्लब के सभी छात्राएं उपस्थित रही।

## पार्थिव शिवलिंग पूजन से गूंजी शिव महिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा जनपद पंचायत अंतर्गत बिजौरा ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव अत्यंत भव्य एवं दिव्य वातावरण में संपन्न हुआ। "नंद के घर आनंद भयो" के जयघोष से पूरा पांडाल भक्तिरस में सराबोर हो उठा।कथा व्यास पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का आध्यात्मिक विवेचन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म, सत्य और करुणा की पुनर्स्थापना का दिव्य संकल्प है। कारागार में जन्म लेकर भगवान ने यह संदेश दिया कि अन्याय और अंधकार चाहे कितना भी गहरा क्यों न हो, अंततः विजय सत्य की ही होती है। जन्मोत्सव के अवसर पर आकर्षक झांकियां, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महिलाएं, पुरुष और बच्चे भक्ति में झूमते नजर आए। रात्रि तक भजनों की मधुर स्वर लहरियां वातावरण को कृष्णमय बनाए रहीं। कथा के साथ प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास ने पार्थिव शिवलिंग की महिमा बताते हुए कहा कि मिट्टी से निर्मित शिवलिंग जीवन की क्षणभंगुरता और शिवतत्व की शाश्वतता का प्रतीक है। शिव आराधना से मन, वचन और कर्म की शुद्धि होती है तथा जीवन में संतुलन और सद्बुद्धि का संचार होता है। कार्यक्रम में जीवन सिंह, श्रीमती कुसुम बाई, विभीषण सिंह एवं श्रीमती गौरा बाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक सद्भाव का संदेश भी प्रसारित किया।

## खास बातें

### सूचना पर मतदाता सूची की प्रतियां वापस प्राप्त की

**दमोह।** एसडीएम आर.एल बागरी ने बताया सूचना प्राप्त हुई थी कि ये दमोह सब-डिवीजन में हिंडोरिया नगर परिषद वहां पर जो मतदाता सूची हैं, वह कबाड़ी वाले व्यक्ति के यहाँ पाई गई हैं। ऐसी सूचना प्राप्त हुई थी। इसकी जांच करवाने राजस्व निरीक्षक को वहाँ पर भेजा, उनके द्वारा अभी संपूर्ण जांच करके उन्होंने मुझे फोन पर बताया कि वहाँ पर हटा विधानसभा क्षेत्र की जो प्रारूप मतदाता सूची थी जो कि 23 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित हुई थी उनकी जो कॉपियाँ हैं, वह जिला कार्यालय से सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को दी गई थीं। उन्होने बताया उनमें से एक दल ने वहाँ के अपने नगर अध्यक्ष को कुछ कॉपियाँ प्रस्तुत की थीं और वो कॉपियाँ वहाँ के नगर अध्यक्ष अपने मकान पर रखे हुए थे। इसके बाद बहुत दिनों से रखी हुई थीं और आज सुबह उनके बेटे ने अज्ञानतावश वह मतदाता सूची को समझ नहीं पाया कि क्या है, वह उस सामने वाले व्यक्ति को दे दी। लेकिन जैसे ही उन संबंधित राजनीतिक दल के नगर अध्यक्ष को यह बात पता चली कि ऐसी-ऐसी स्थिति है, तुरंत उन्होंने वह सूचियाँ वापस प्राप्त कर ली हैं।

### जुआ फड पर छापा

**दमोह।** कोतवाली पुलिस ने जुआ फड़ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये जुआडियों से 50700 रुपये जप्त किये है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मदन रैकवार के ऑफिस के सामने चरयाई दमोह से जुआड़ियों को जुआ खेलते हुए जिनसे 50700/- रुपये नगद एवं 52 तास पत्ते जप्त किये गये। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र 177/2026 धारा 13 जुआ एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी का नाम मदन पिता रामसेवक रैकवार उम्र 30 साल निवासी बजरिया वार्ड 6 हजारी की तलैया दमोह, कोमल पिता रामेश्वर रैकवार उम्र 45 साल निवासी फुटेरा वार्ड न.05 ढिमरोला दमोह, गुप्तू उर्फ गोपाल पिता धनीराम खटीक उम्र 46 साल निवासी फुटेरा वार्ड न.03 गड़रयाऊ दमोह, राजू उर्फ काली पिता नन्हेभाई रैकवार उम्र 54 साल नि. फुटेरा वार्ड न.05 ढिमरोला दमोह, राकेश पिता हरी प्रसाद रैकवार उम्र 42 साल निवासी जबलपुरनाका दमोह, अनंतराम पिता भगवतराम चौरसिया उम्र 54 साल निवासी वार्ड 2 खुईया मोहल्ला हिण्डोरिया का पकडा है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि अलजार सिंह, प्र. आर महेश यादव, प्र.आर कलीम खान, आर. नरेन्द्र पटैरिया, आर. ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आर. आकाश पाठक का सराहनीय सहयोग रहा।

## अस्पताल में शव रातभर स्ट्रेचर पर रखा

# शादी समारोह से लौट रहा बाइक सवार हारट पुल के पास रेलिंग से टकराया, मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में मंगलवार की रात एक शादी समारोह से गांव वापस लौट रहा वाइक सवार बटियागढ़ मार्ग पर लालटेक व सुनार नदी हारट पुल के बीच सड़क किनारे लगी रैलिंग से टकरा गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही भी सामने आई, जहां शव को रातभर फ्रीजर में रखने के बजाय स्ट्रेचर पर ही गैलरी में छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार पप्पू पिता गोपाल पटेल 40 वर्ष निवासी हारट तहसील बटियागढ़ जो हटा में एक शादी समारोह में आया था और रात में बाइक से घर लौट रहा था इसी दौरान सुनसान मार्ग पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी सुरक्षा बॉल रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पप्पू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस करीब रात 10 बजे मौके पर पहुंची और युवक को सिविल अस्पताल हटा लाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### अस्पताल में लापरवाही आई सामने

अस्पताल में जहां मृतक के शव को जनरल वार्ड के बाहर गैलरी में स्ट्रेचर पर ही छोड़ दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी कर्मचारियों ने शव को सुरक्षित रखने के लिए फ्रीजर में रखने की जहमत तक नहीं उठाई, जबकि शव फ्रीजर के सामने ही रखा रहा। शव रातभर बाहर पड़े रहने से अस्पताल परिसर में दुर्गंध फैलने की स्थिति बनी, जिससे मरीजों और परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिजनों के इंतजार में कई बार शवों को ओपीडी या गैलरी में स्ट्रेचर पर ही छोड़ दिया जाता है। जबकि अस्पताल में पर्याप्त शव फ्रीजर उपलब्ध होने के बावजूद उनका उपयोग नहीं किया गया। बुधवार सुबह करीब 11 बजे पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिम्मेदारी से बचता प्रबंधन

सिविल अस्पताल के प्रभारी बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल ने मामले में कहा कि यदि शव 6 घंटे तक फ्रीजर में न भी रखा जाए तो खराब नहीं होता। इस बयान के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## घाट की उतार पर पलटा टैंकर, ट्रक चालक घायल



**तेन्दूखेड़ा।** बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर घाट की उतार पर पलट गया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन ट्रक के परखच्चे उड़ गए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी तेन्दूखेड़ा पाटन मार्ग पर स्थित बगदरी घटिया पर यह हादसा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पाटन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की गई। बताया गया है सीमेंट मटेरियल का कंटेनर टैंकर ट्रक था जो कि दमोह की ओर से पाटन जबलपुर जा रहा था। लेकिन पाटन थाना क्षेत्र की बगदरी की घाट उतरते समय ट्रैक अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ खाई में जा पलटा बताया गया है। ट्रंक रिंग रोड कंपनी का है। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। चालक को मामूली चोंट आई है जिसका पाटन स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। और ट्रक सामने से क्षतिग्रस्त हो गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## बारातियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी



**दमोह।** जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र का फुटेरा कला क्षेत्र में बुधवार की दोपहर बारातियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए चौकी प्रभारी फुटेरा आनंद कुमार सहित पुलिस पहुंची है और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

## दमोह सांसद को चेक रिपब्लिक मैत्री समूह का सदस्य बनाया



**दमोह।** लोक सभा अध्यक्ष ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया। विश्व में लोकतांत्रिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में लोक सभा अध्यक्ष का अहम कदम है जिसमे 60 से अधिक देश, एक सोच। अंतर-संसदीय रिश्तों को और मजबूत करने के लिए लोक सभा अध्यक्ष की पहल दलीय राजनीति से ऊपर। मैत्री समूहों के गठन की लोक सभा अध्यक्ष की पहल में सभी दलों की भागीदारी, लोकतंत्र की मजबूती का परिचय लोक सभा अध्यक्ष ने विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं को मैत्री समूहों की जिम्मेदारी सौंपी, 60 से अधिक देशों के सामने भारत के लोकतंत्र की विविधता को रेखांकित किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की बहुदलीय पहल को आगे बढ़ाते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने संसदीय मैत्री समूहों को औपचारिक रूप दिया। वैश्विक रिश्तों को मजबूतीः पहले चरण में 60 से ज़्यादा देशों के साथ मैत्री समूह स्थापित, जल्द ही और देशों के साथ होगा। दुनिया के देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत की संसद विश्व की विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाना चाहती है, ताकि पारंपरिक राजनय के साथ-साथ संसदीय स्तर पर भी मजबूत संबंध बने रहें। इन मैत्री समूहों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं। दमोह लोकसभा मध्यप्रदेश के सांसद राहुल सिंह लोधी को CZech Republic मैत्री समूह का सदस्य बनाया गया है। जिन देशों के साथ ये मैत्री समूह बनाए गए हैं, उनमें श्रीलंका, जर्मनी, न्यूज़ीलैंड, स्विट्ज़रलैंड, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, सऊदी अरब, इज़राइल, मालदीव, अमेरिका, रूस, यूरोपीय संसद, दक्षिण कोरिया, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जापान, इटली, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर, ब्राज़ील, वियतनाम, मेक्सिको, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सांसदों को अपने विदेशी समकक्षों से सीधे बात करने का अवसर देना है। वे अपने अनुभव साझा करेंगे, एक-दूसरे से सीख सकेंगे और नियमित संपर्क के जरिए आपसी विश्वास बढ़ाएंगे। इससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी और आपसी समझ बेहतर होगी। इन समूहों के माध्यम से व्यापार, तकनीक, सामाजिक नीतियों, संस्कृति और आज की वैश्विक चुनौतियों जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि संसदीय राजनय भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत बनाता है। उनके नेतृत्व में संसद ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय भागीदारी की है और भारत को एक आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और परिपक्व लोकतंत्र के रूप में प्रस्तुत किया है, जो संवाद और सहयोग में विश्वास रखता है।

## एकल अभियान ने किया आयोजन



**पटेरा।** संभाग महाकौशल भाग शारदा अंचल दमोह संच पटेरा की वार्षिक उत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर पटेरा में संपन्न हुई जिसमें संच समिति अध्यक्ष श्रीमान मोहन लाल तामृकार, अंचल से श्री मान गजेन्द्र, संच प्रमुख लक्ष्मण, राजेन्द्र दुबे, ब्यास कैलाश की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी आचार्य, दीदी विद्यालय ग्रामो के बालक बालिकाओं ने भाग लिया।

## टाइगर रिजर्व में वनरक्षक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, जबलपुर रेफर

### सागौन की लकड़ी लेकर आ रहे आरोपी को रोकने पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में वन अमले की टीम पर आए दिन हो रहे हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं माफियाओं द्वारा हमला कर वन कर्मियों को घायल किया जा रहा या फिर कभी फायरिंग की जा रही तो कभी बम धमाके किए जा रहे वन माफियाओं और तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें कानून का डर नहीं बचा है बीते दिनों ही टाइगर रिजर्व के डोंगरगांव रेंज में वन अमले की टीम पर फायरिंग की करने का मामला सामने आया है एक बार फिर से वनपाल पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया है जैसे गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के सर्रा गेम परिक्षेत्र के बोरियां में पदस्थ वनपाल बृजेश पिता कमलापत सेन उम्र 38 वर्ष निवासी तेंदूखेड़ा पर जंगल भ्रमण के दौरान भूरा ठाकुर द्वारा पीछे से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है और मौके से भाग निकला है वनपाल बृजेश सेन को प्राइवेट वाहन की मदद से घायल अवस्था में तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है घटना की सूचना मिलते ही घायल के परिजनों स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घटना की जानकारी ली और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है ।

जंगल भ्रमण के दौरान किया हमला वन विभाग की टीम ने बताया कि टाइगर रिजर्व में वनपाल अपने क्षेत्र में भ्रमण पर थे तभी बोरिया गांव में रहने वाला भूरा ठाकुर जंगल से सागौन की लड़की लेकर आ रहा था जिसको वनपाल ने रोककर सागौन की लड़की पकड़ने का प्रयास किया और दोनों के बीच कहासुनी हो गई और भूरा ठाकुर ने साथ में लिए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और मौके से भाग निकला हमला के बाद घायल वनपाल ने घटना की सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी और अन्य वन स्टाप को दी और घायल अवस्था में सर्रा पहुंचे जहां से प्राइवेट वाहन से स्वास्थ्य केंद्र आए जहां से डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल वनपाल को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

**घटना के पुलिस व वन विभाग हुआ अलर्ट आरोपी पकड़ा**

वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर आरोपी की तलाश शुरू की गई है साथ ही टाइगर रिजर्व के सर्रा गेम परिक्षेत्र की वन विभाग की टीम ने खोजबीन शुरू कर आरोपी को गांव से पकड़कर वन परिक्षेत्र कार्यालय लेकर पहुंचे जहां वन विभाग द्वारा कार्रवाई कर आरोपी को पुलिस के हवाले किया जाएगा पूरे मामले की पुलिस और वन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## खाकी का हरित संकल्प

# पुलिस चौकी बनी 'ग्रीन कैंपस'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

अक्सर पुलिस चौकियों की तस्वीर जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था से जुड़ी होती है, लेकिन दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत बनवार पुलिस चौकी ने इस सोच को बदल कर रख दिया है। कभी खस्ताहाल और गहरी खाइयों से घिरी यह चौकी आज हरियाली, फूलों और फलों से महकता प्रेरक परिसर बन चुकी है। करीब दो वर्ष पूर्व यहां पदस्थ हुए चौकी प्रभारी मनीष यादव ने जब चौकी की बदहाल स्थिति देखी तो बदलाव का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में उन्होंने सबसे पहले चौकी परिसर के पीछे और बाजू में बनी गहरी खाइयों को समतल करवाया। पथरीली जमीन पर मिट्टी डलवाकर हरियाली की नींव रखी गई और फिर शुरू हुआ पौधारोपण का अभियान। करीब आधा एकड़ परिसर में अमरूद, जामुन, पपीता, अंजीर, बादाम, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे लगाए गए। फूलों के पौधों से चौकी का प्रवेश द्वार सुसज्जित किया गया तो वहीं सब्जियों की खेती ने परिसर को आत्मनिर्भरता की दिशा भी दी। खास बात यह है कि कई पौधों में एक वर्ष के भीतर ही फल आने लगे हैं, जो इस मेहनत की सफलता की गवाही दे रहे हैं। सिर्फ हरियाली ही नहीं, चौकी भवन के भीतर भी सुधार कार्य किए गए। उखड़ी टाइल्स को दुरुस्त किया गया और शौचालय में नई टाइल्स लगवाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। आज बनवार पुलिस चौकी न केवल कानून व्यवस्था का केंद्र है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की एक जीवंत मिसाल बन गई है। "जब मैंने यहां की स्थिति देखी तो लगा कि बदलाव जरूरी है। कोशिश यही रही कि चौकी सिर्फ ड्यूटी का स्थान न होकर प्रेरणा का केंद्र बने। हरियाली और स्वच्छता से सकारात्मक माहौल बनता है, जिसका असर काम पर भी पड़ता है।" खाकी वर्दी में हरित सोच का यह उदाहरण बता रहा है कि यदि संकल्प सच्चा हो तो सरकारी परिसर भी 'मॉडल ग्रीन कैंपस' बन सकते हैं।

**बनवार पुलिस चौकी आज क्षेत्र में चर्चा का विषय ही नहीं, बल्कि अनुकरणीय पहल बन चुकी है।**
**मनीष यादव, चौकी प्रभारी, बनवार**

## जबेरा जनपद में शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं, संगठन और ग्रामीणों ने उठाए गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा में इस समय अव्यवस्था एवं लापरवाही का ऐसा आलम है कि पंचायतो में हो रही भ्रष्टाचार की कितनी भी शिकायतें हूं परंतु अधिकारियों पर उनका कोई प्रभाव नहीं होता है इसी क्रम में इस जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायतों में हो रहे कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर के मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। संगठन पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों और सबूतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जांच और कार्रवाई में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। स्टेडियम निर्माण में अनियमितता का आरोप, भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि नोहटा में लाखों रुपए की लागत से बनाए जा रहे खेल स्टेडियम निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग किए जाने का आरोप है। संगठन द्वारा मौके का वीडियो बनाकर संबंधित अधिकारियों को भेजा गया और जांच की मांग की गई। आरोप है कि अधिकारियों ने फोन पर ही कार्रवाई की बात कही। एसडीओ द्वारा तत्काल निरीक्षण का आश्वासन भी दिया गया, लेकिन न तो स्थल निरीक्षण हुआ और न ही घटिया सामग्री हटाई गई। संगठन का कहना है कि यदि समय रहते जांच होती तो निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती थी।

### ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क को लेकर भी की गई शिकायत

हरदुआ में 15 दिन बाद भी नहीं हुई जांच, हरदुआ के ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने लगभग 15 दिन पूर्व जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल को लिखित शिकायत सौंपी थी। उस समय 8 दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन तय समय बीत जाने के बावजूद कोई जांच नहीं हुई। पुनः आवेदन देने पर भी केवल आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि पंचायत में वास्तविक जांच होती तो फर्जी तरीके से जारी किए जा रहे मास्टर रोल पर रोक लगाई जाती। उनका कहना है कि सिस्टम पर फर्जी फोटो के माध्यम से मास्टर रोल जारी होना गंभीर अनियमितता की ओर संकेत करता है, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### परासईं पंचायत का मामला भी गरमाया

इसी तरह ग्राम पंचायत परासईं में भी कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के अनुसार पंचायत में सरपंच, सचिव, इंजीनियर एवं एसडीओ की मिलीभगत से फर्जी बिल लगाकर शासन की राशि का दुरुपयोग किया गया। विकास कार्यों के नाम पर राशि आहरित कर ली गई, जबकि कई कार्य स्थल पर हुए ही नहीं। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर 2 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन आज दिनांक तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। शिकायतकर्ता ने बताया कि कई बार जनपद पंचायत सीईओ को भी अवगत कराया गया, फिर भी जांच लंबित है। *निष्पक्ष जांच की मांग* संगठन और ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि समस्त मामलों की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। उनका कहना है कि यदि समय रहते पारदर्शी कार्रवाई नहीं हुई तो शासन की योजनाओं पर जनता का विश्वास कमजोर होगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे उच्च स्तर पर शिकायत और जनआंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे।

## सहजपुर में क्लस्टर स्तरीय शिविर एवं रात्रि चौपाल का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** जिला प्रशासन के निर्देशन में ग्राम पंचायत सहजपुर में क्लस्टर स्तरीय द्वितीय शिविर एवं रात्रि चौपाल का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक एक ही स्थान पर पहुँचाना एवं ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना था। शिविर में कुल 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन शामिल हुए, जिनमें अजीतपुर, इमलीडोल, कुदपुरा, कोडल, खमरियाकलॉ, जामुनखेड़ा, झरौली, धनेटामाल, नरगुवामाल, पाठादों, पिंडरईपाजी, बैरागढ़, बैलवाड़ा, बोरिया, भैसा, महगुवाकलॉ, महगुवाखुर्द, समनापुर, सैलवाड़ा एवं सहजपुर के लगभग 500 ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुल 152 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण मौके पर ही किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की गईं। कुल 64 स्किल टेस्ट संपन्न किए गए, 70 आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा 12 हितग्राहियों का अटल पेंशन योजना में पंजीयन किया गया। इसके अतिरिक्त 4 हितग्राहियों को सुरक्षा बीमा योजना एवं 10 हितग्राहियों को जीवन सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया। शिविर के उपरांत कलेक्टर की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 आवेदनों का त्वरित निराकरण कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। चौपाल में मुख्य रूप से बंटवारा, नामांतरण, आवास योजना, शौचालय निर्माण तथा अन्य राजस्व एवं पंचायत संबंधी प्रकरणों पर सुनवाई कर मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। यह आयोजन शासन की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने तथा आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। जिला प्रशासन द्वारा भविष्य में भी ऐसे शिविरों के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे। इस दौरान एसडीएम सौरव गंधर्व, तहसीलदार विवेक व्यास, जनपद पंचायत सीईओ मनीष बागरी, पीएम आवास ब्लाक समन्वयक रोहित यादव ,राहुल गंगरा, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी बीईओ नितेश पांडे सहित ग्राम पंचायत समिति अध्यक्ष गुड्डु दुबे , सरपंच प्रतिनिधि रघुनाथ पाल, ग्राम पंचायत सचिव नीतू अठया उपस्थिति रही

## राज्य सूचना आयोग ने तत्कालीन प्राचार्य पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

**हटा।** मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग द्वारा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी न देने पर हायर सेकेंडरी स्कूल मडियादो के तत्कालीन प्राचार्य ओसाब सिंह राजपूत को 25 हजार रुपए की राशि से अधिरोपित किया गया है। दरअसल हटा नगर के बालाजी वार्ड निवासी प्रवीण कुमार पाठक द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम की 2005 की धारा 20(1) के तहत लोकसूचना अधिकारी तत्कालीन प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल मडियादो विकासखंड हटा से जानकारी चाहिए गई थी लेकिन समय सीमा उपरांत भी आवेदक को गुमराह कर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी जिसकी प्रथम अपील, अपीलीय अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी दमोह के समक्ष प्रस्तुत की गई थी उसके बावजूद भी आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई इसके उपरांत अपीलार्थी प्रवीण पाठक द्वारा राज्य सूचना आयोग भोपाल में की गई जहां पर भी लोक सूचना अधिकारी प्राचार्य ओसाब सिंह राजपूत द्वारा राज्य आयोग में उपस्थित होकर जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर राज्य सूचना आयोग द्वारा 25 हजार रुपए की राशि से अधिरोपित किया गया है।